कोरोना भगाओ बाला जी

हाल बिगड़ गया पूरे विश्व का बाला जी अब ख्याल करो
दूर भगा कै महामारी को भक्तों को निहाल करो

एक महामारी फैली जिसका नाम है वायरस कोरोना
साफ करो इस बीमारी को बिल्कुल जड़ से ही खोना
दुख ही दुख रहगया ढोना , प्रभु अब तो सर पै ढाल करो

नजर घुमा कै देखो बाबा दुनिया में हाहाकार मचा
मौत के तांडव से बाबा जी अब सबको बस तू ही बचा
ऐसा न्यारा खेल रचा बिगड़े सबके सही हाल करो

पाप बढ़ा धरती पै बाबा ये तो हम भी समझते है
कुछ ख्याल करो उनका भी जो तुम्हें रात दिना ही भजते है
तेरा नाम ही जपते हैं अमित शर्मा सब खुशहाल करो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17135/title/krona-bhagao-bala-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |